प्राथमिकता/आई0जी0आर0ए0/अनुस्मारक

संख्या- 84/2016/2847/33-3-2016-33/2016

प्रेषक,

चंचल कुमार तिवारी,

प्रमुख सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1- समस्त मण्डलायुक्त,उ0प्र0।

2- समस्त जिलाधिकारी,उ0प्र0।

3- निदेशक,पंचायतीराज उ0प्र0 लखनऊ।

4- समस्त मुख्य विकास अधिकारी,उ0प्र0।

5- समस्त जिला पंचायतराज अधिकारी/अपर मुख्य अधिकारी,उ0प्र0।

पंचायती राज अनुभाग-3 लखनऊः दिनांकः 11 नवम्बर, 2016

विषयः-आई0जी0आर0एस0 जन सुनवाई पर आम जनता से सीधे आन-लाईन/ मुख्य कार्यालय से प्राप्त आख्या/अन्तरित/अन्य सन्दर्भों/मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा विभागाध्यक्ष को सीधे प्रेषित सन्दर्भ/भारत सरकार (पी0जी0 पोर्टल) सन्दर्भ तथा तहसील दिवस पर विभाग से संबंधित सन्दर्भों पर त्वरित कार्यवाही/ निस्तारण/आवेदक को सीधे अवगत कराने तथा वेबसाइट पर केवल अन्तिम आख्या अपलोड करने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय में आनलाईन शासनादेश संख्या-76/2016/2701/ 33-3-2016-33/2016 दिनांक 19.08.2016 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके स्तर पर मुख्यमन्त्री आख्या/अन्तरित 1016 सन्दर्भ, आख्या श्रेणी के 123 एवं दिनांक 20.02.2016 के पूर्व के 244 सन्दर्भ/मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा विभागाध्यक्ष को सीधे प्रेषित 116 सन्दर्भ/आम जनता से सीधे आनलाइन 1269 सन्दर्भ/भारत सरकार (पी0जी0 पोर्टल) 527 सन्दर्भ तथा तहसील दिवस पर प्राप्त 371 सन्दर्भों पर कार्यवाही न करने के कारण लम्बित हैं। समयान्तर्गत सन्दर्भों का निस्तारण न होना, आई0जी0आर0एस0 प्रणाली के प्रति अत्यन्त लापरवाही परिलक्षित होता है।

अपने-अपने स्तर पर लम्बित सन्दर्भों के निस्तारण के लिए एक अभियान चलाकर, आवेदकों के आवेदन पत्र पर समुचित कार्यवाही करके लिये गये निर्णय के बिन्दु को आई0जी0आर0एस0 वेबसाइट पर अन्तिम आख्या तथा आवेदक को लिये गये निर्णय से अवगत कराते हुए आवेदक को सूचित किए गए पत्र की छायाप्रति अपलोड किया जाय।

Shasnadeshup.nic.in

भ्रष्टाचार से संबंधित आवेदन पत्रों पर कार्यवाही में यदि कोई गम्भीर प्रकृति की अनियमितता प्रकाश में आती है तो कार्यवाही के बिन्दु पर अभिमत/आख्या स्पष्ट संस्तुति के साथ शासन को अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जाए।

उपरोक्त लम्बित सन्दर्भों के निस्तारण की सूचना/अन्तिम आख्या अनिवार्य रूप से एक पक्ष में आई0जी0आर0एस0 वेबसाइट पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

यह देखा जा रहा है कि आई0जी0आर0एस0 सन्दर्भ के निस्तारण की गति अत्यन्त धीमी है। अतः पुनः अनुरोध है कि अभियान चलाकर सन्दर्भों का निस्तारण कराकर अंतिम आख्या वेबसाइट पर 01 सप्ताह के अन्दर अपलोड करें ताकि संतोषजनक स्थिति से आई0जी0आर0एस0 यू0पी0 वेबसाइट पर दिखायी देवे।

यदि जिस अधिकारी के स्तर पर सन्दर्भ के निस्तारण में लापरवाही बरती जा रही हो तो कार्यवाही भी सुनिश्चित किया जाय तथा वर्ष 2016-17 की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि अंकन करते समय उक्त तथ्य को संज्ञान में लिया जाय। कृपया लम्बित सन्दर्भों के निस्तारण में आपका व्यक्तिगत ध्यान अपेक्षित है।

भवदीय,

(चंचल कुमार तिवारी)
प्रमुख सचिव।

संख्या व दिनांकः- तदैव।

प्रतिलिपिः- आई0जी0आर0एस0 प्रणाली को प्रभावी करने एवं लम्बित सन्दर्भों के निस्तारण हेतु निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- निजी सचिव, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
2- मुख्यमंत्री सचिवालय के पत्र संख्या-2254/चैंतीस-लो0शि0-5/2016 दिनांक 14.10.2016 के सन्दर्भ में।
3- निजी सचिव, विशेष सचिव, पंचायतीराज विभाग,उ0प्र0।
4- निजी सचिव, संयुक्त सचिव, पंचायतीराज विभाग,उ0प्र0।
5- पंचायतीराज अनुभाग-1/2, उ0प्र0 शासन।
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(सुशील कुमार मौर्य)

shasnadeshup.nic.in

विशेष सचिव।

Shasnadeshup.nic.in